## एक नजर में

### 25 को उप डाकघर परिसर में आधार शिविर कैंप लगेगा



**सरदारपुर।** नगर के मैन बाजार मार्ग पर स्थित उप डाकघर परिसर में 25 अप्रैल को आधार शिविर लगाया जाएगा। समय सुबह 8 से शाम 6 बजे तक रहेगा। डाकघर के कर्मचारी अंजनी शर्मा ने बताया कि आधार शिविर में इनरोलमेंट, अपडेशन का कार्य भारत शासन द्वारा निर्धारित शुल्क पर किया जाएगा। साथ ही बच्चों के नए आधार और मेंडेटरी, बायोमेट्रिक, अपडेशन का कार्य निशुल्क किया जाएगा, इसके लिए 23 अप्रैल से टोकन का वितरण कार्य किया जाएगा। शर्मा ने बताया कि सुविधा की दृष्टि से डाकघर कार्यालय में उपस्थित होकर टोकन प्राप्त करे, ताकि आधार अपडेशन का कार्य सुगमता पूर्वक हों सके।

**बालाजी अवसरकर को पीएचडी अवार्ड**–मनावर । देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर द्वारा वाणिज्य संकाय में बालाजी अवसरकर को डॉक्टर ऑफ फिलॉसाफी उपाधि प्रदान की गई। इन्होंने卐इन्दौर शहर में शासकीय एवं अशासकीय व्यावसायिक बैंकों की गृह –ऋण योजनाओं का तुलनात्मक अध्ययन (वर्ष 2010 से वर्ष 2018 के विशेष संदर्भ में) विषय पर अपना शोध प्रबंध,डॉ अजय वाघे प्राचार्य विद्योदय महाविद्यालय मनावर के निर्देशन में प्रस्तुत किया। बाला जी अवसकर वर्तमान समय में विद्योदय महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग में सहायक प्राध्यापक पद पर कार्यरत है इनकी इस उपलब्धि पर स्नेही स्वजनों, इष्टमित्रों, सहकर्मियों एवं विद्योदय शिक्षण समिति के संचालकगणो द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की, एवं इनके सुखद भविष्य की मंगल कामना की।

### खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, पनीर-दूध के नमूने लिए



**धार, ।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन मध्यप्रदेश के आदेशानुसार तथा प्रभारी कलेक्टर अभिषेक चौधरी के निर्देशन में, जिला धार के खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा मिलावट के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में प्राप्त शिकायतों के आधार पर विभाग के दल द्वारा शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों की सघन जाँच की गई। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती निर्मला सोमकुंवर एवं आर. जी. माऊटा के दल द्वारा निम्नानुसार कार्यवाही की गई। जय माता दूध डेयरी भोज अस्पताल चौराहा, धार से दूध एवं पनीर के नमूने जाँच हेतु लिए गए। माँ शारदा रेस्टोरेंट (इंदौर-अहमदाबाद रोड) से पनीर का नमूना संकलित किया गया। अजय मावा भंडार (ग्राम सांभर) से मावा, पेड़ा एवं मिल्क केक के नमूने लिए गए। श्रीशुभ फोजेन फूड्स (विनय अग्रवाल) से मिक्स्ड फ्रूट जेली, सीताफल पल्प एवं लीची पल्प के नमूने जाँच हेतु लिए गए हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा लिए गए इन सभी नमूनों को परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा गया है। प्रयोगशाला से प्राप्त होने वाली जाँच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित संचालकों के विरुद्ध आगामी वैधानिक एवं न्यायालयीन कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले मिलावटखोरों के विरुद्ध इस प्रकार की जाँच और कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### मोयाखेड़ा में मंदिर परिसर में धार्मिक आयोजन

**सरदारपुर ।** ग्राम बोला मोयाखेड़ा में मारु कुमावत समाज के गुरु कुंबानंद आचार्य महाराज एवं नर्मदा मंदिर कुबा जी मंदिर परिसर में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन सोमवार को हुआ इसमें वैदिक रीति रिवाज से 17 जोड़े परी नई सूत्र के बंधन में बंधे पंडित घनश्याम जी दवे बोला, पंडित विशाल जी दवे बोला, ने विधि विधान से सभी जोड़ों का विवाह संपन्न कराया साथियों उन्हें हमेशा एक दूसरे के साथ ही उन्हें साथ रहने के सात वचन दिलाए कहां सभी एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए खुशी-खुशी अपना जीवन बिताई इस दौरान वर वधु के परिजन के परिजन मौजूद रहे जीने समिति ने सभी तरह की व्यवस्था उपलब्ध कराई गुरु कृपा सामाजिक विवाह समिति के अध्यक्ष दिनेश जी नागौरा धुलेट ने बताया इस समय एक विवाह सम्मेलन में 17 जोड़े परीनई सूत्र में बंधे गुरु कृपा समिति के सचिव राधेश्याम चौधरी ने बताया कि महा प्रसादी के लाभार्थी मारू कुमावत सकल पंच, शांतिलाल ऊंटवाल मोयाखेड़ा की ओर से शक्कर कट्टी दो,और लड्डू गोपाल के लाभार्थी गोपाल जी गेद्र सरदारपुर, और शुद्ध आ रो पेय जल के लाभार्थी श्री मारु कलेक्शन राजगढ़, और 2 लीटर के पानी के स्टील के जब के लाभार्थी रामनराण चांदोरा हनुमंतिया का?, सर्वगी चंपालाल जी दुबलदिया की स्मृति में आरो की केन रतनलाल दुबलदीया राजेंद्र दुबलदीया की ओर से भेंट की गई, डॉक्टर बबलू मारू की ओर से सभी वदु को लिफाफे दिए गए,डॉ महेश कुमावत की ओर से गीता की भेंट की गई और समिति के सदस्य ईश्वर लाल मारू सर दुबलदीया दसई ने बताया कि इंद्रधान इन दाताओं के द्वारा 17 ही जोड़ों को सामग्री दी गई नरहरि चौधरी ने बताया कि समिति के अध्यक्ष दिनेश नागौरा की तरफ से सभी के लिए रसना की व्यवस्था की गई समिति के सदस्य ईश्वर लाल मारू सर ने बताया कि सामूहिक सेच्छावनी टोटल 67000 हजार आए सभी जोड़ों को 3900,3900 सो आए और सामूहिक विवाह में वर वधु परिवार से ?1100 समिति द्वारा शुल्क रखा गया और सामूहिक विवाह आयोजन में मारु कुमावत समाज के धार जिला अध्यक्ष राधेश्याम जी सिद्धड डबल बी बदनावर कोद द्वारा चद्दर सेठ के लिए 11000 रुपए दिए गए आयोजन में मारू समाज संगठन के जिला प्रभारी रमेश तलासा राजगढ़, मारू समाज संगठन के पूर्व तहसील अध्यक्ष झमक चौधरी बरखेड़ा, जगदीश वागडी हनुमंतिया का?, गोवर्धन मेरोता, बाबूलाल रोटागण, रामरतन चौधरी पसावदा, भागीरथ चौधरी, जगदीश वागडी बोला, चुन्नीलाल टाक, दिनेश रोईवाल, कैलाश काचा, बगदीराम चांदोरा, देवीलाल चांदोरा, लालचंद चांदोरा, शंकर लाल मारू लाडना मोयाखेड़ा सरदारपुर ने बताया कि मोयाखेड़ा , बोला , पसावदा, नरसिंह देवला, जोलाना, मौलाना, लाबरिया ,बरमंडल ,हनुमंतिया का?, खुटपला ,पदमपुरा ,कुमार पाठ, भोपावर,सरदारपुर , धूलेट, खमालिया ,दतीगांव,राजगढ़ दलपुरा, टांडाखेड़ा , चिचोड़िया, बामनखेड़ी, धार तिरला , फूलगावडी, कोद,और राजस्थान पाली जिला , गुजरात अहमदाबाद,आदि स्थान से समाजजन शामिल हुए

### सिविल अस्पताल सरदारपुर में नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**22 मरीजों को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए इंदौर भेजा**

**सरदारपुर ।** सिविल अस्पताल सरदारपुर में मंगलवार को भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट एवं जिला अंधत्व निवारण समिति के संयुक्त तत्वावधान में चोइथराम नेत्रालय इंदौर और शासकीय अस्पताल सरदारपुर के सहयोग से नि :शुल्क मोतियाबिंद निवारण, लैंस प्रत्यारोपण एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ ट्रस्ट के राष्ट्रीय संयोजक प्रेम कुमार वैद्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। नेत्र चिकित्सा सहायक डॉ सतीश पाराशर द्वारा मरीजों का परीक्षण किया गया। शिविर में कुल 62 मरीजों की नेत्र जांच की गई, जिसमें से 22 मरीजों को ऑपरेशन हेतु चयनित कर बस द्वारा चोइथराम नेत्रालय इंदौर भेजा गया। भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट के प्रतिनिधियों में प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष महेश कुमार वर्मा, प्रदेश विधि प्रभारी बीजे उपाध्याय, संभाग विधि प्रभारी प्रवीण कुमार शर्मा, धार जिला अध्यक्ष योगेन्द्र तिवारी, धार जिला सचिव कैलाशचन्द्र बघेल, सीता शर्मा, भारतसिंह खराड़ी एवं शासकीय अस्पताल सरदारपुर का स्टाफ परिवार उपस्थित रहे। यह शिविर ट्रस्ट की सामाजिक जागरूकता एवं स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। जानकारी तहसील अध्यक्ष बुद्धेसिंह पांडर ने दी।





# नारी शक्ति अपमान के खिलाफ युवा मोर्चा ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

**धार। संसद में कांग्रेस और विपक्षी दलों द्वारा %नारी शक्ति वंदन अधिनियम% का विरोध करने पर बुधवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा ने धार नगर के मोहन टॉकीज चौराहे पर राहुल गांधी का पुतला फूंका।**

इस दौरान युवा मोर्चा जिला महामंत्री अंकित भावसार और कपिल यादव भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विशाल निगम युवा मोर्चा जिला पदाधिकारी लव प्रजापति जसप्रीत सिंघ डंग नवदीप सिंह चौहान तरुण सिसौदिया गौरव रघुवंशी अजित जैन युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष बादल मालवीय और करण पटेल मंडल महामंत्री अमित शर्मा सीमा सोनी महिला मोर्चा से प्रज्ञा ठाकुर अनुसुइया वैष्णव मंजू राठौर समेत लक्की अरोरा जतिन मौर्य पंकज जाधव दिनेश चौहान आदित्य जाधव युवा मोर्चा कार्यकर्ता मौजुद रहें।

**नारी शक्ति का सम्मान, हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है**

युवा मोर्चा जिला महामंत्री अंकित भावसार ने कहा कि विरोध स्वरूप हमने विपक्षी दलों का पुतला दहन कर अपना कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। नारी शक्ति का सम्मान, हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। भारत की युवा महिला पीढ़ी, कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी। कांग्रेस का हाथ नारी शक्ति के खिलाफ, जनता नहीं करेगी कभी माफ। इसके लिए समूचे इंडी गठबंधन को भारी कीमत चुकानी होगी। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

# गुरु कृपा मारु कुमावत समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 17 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**▸ मोयाखेड़ा में मंदिर परिसर में आयोजन सम्पन्न**





**सरदारपुर।** ग्राम बोला मोयाखेड़ा में मारु कुमावत समाज के गुरु कुंबानंद आचार्य महाराज एवं नर्मदा मंदिर कुबा जी मंदिर परिसर में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन सोमवार को हुआ। इसमें वैदिक रीति रिवाज से 17 जोड़े परी नई सूत्र के बंधन में बंधे पंडित घनश्याम दवे बोला, पंडित विशाल दवे बोला, ने विधि विधान से सभी जोड़ों का विवाह संपन्न कराया।

साथियों उन्हें हमेशा एक दूसरे के साथ ही उन्हें साथ रहने के सात वचन दिलाए। कहा सभी एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए खुशी-खुशी अपना जीवन बिताई इस दौरान वर वधु के परिजन के परिजन मौजूद रहे जीने समिति ने सभी तरह की व्यवस्था उपलब्ध कराई गुरु कृपा सामाजिक विवाह समिति के अध्यक्ष दिनेश नागौरा धुलेट ने बताया इस समय एक विवाह सम्मेलन में 17 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।

गुरु कृपा समिति के सचिव राधेश्याम चौधरी ने बताया कि महा प्रसादी के लाभार्थी मारू कुमावत सकल पंच, शांतिलाल ऊंटवाल मोयाखेड़ा की ओर से शक्कर कट्टी दो,और लड्डू गोपाल के लाभार्थी गोपाल जी गेद्र सरदारपुर, और शुद्ध आ रो पेय जल के लाभार्थी श्री मारु कलेक्शन राजगढ़, और 2 लीटर के पानी के स्टील के जब के लाभार्थी रामनराण चांदोरा हनुमंतिया का?, सर्वगी चंपालाल जी दुबलदिया की स्मृति में आरो की केन रतनलाल दुबलदीया राजेंद्र दुबलदीया की ओर से भेंट की गई, डॉ. बबलू मारू की ओर से सभी वदु को लिफाफे दिए गए,डॉ महेश कुमावत की ओर से गीता की भेंट की गई और समिति के सदस्य ईश्वर लाल मारू दुबलदीया दसई ने बताया कि इंद्रधान इन दाताओं के द्वारा 17 ही जोड़ों को सामग्री दी गई नरहरि चौधरी बोला ने बताया कि समिति के अध्यक्ष दिनेश नागौरा की तरफ से सभी के लिए रसना की व्यवस्था की गई। समिति के सदस्य ईश्वरलाल मारू सर ने बताया कि सामूहिक सेच्छावनी टोटल 67 हजार आए सभी जोड़ों को 3900-3900 सो आए और सामूहिक विवाह में वर वधु परिवार से 1100 रुपए समिति द्वारा शुल्क रखा गया और सामूहिक विवाह आयोजन में मारु कुमावत समाज के धार जिला अध्यक्ष राधेश्याम जी सिद्ध डबल बी बदनावर कोद द्वारा चद्दर सेठ के लिए 11000 रुपए दिए गए।

> आयोजन में मारू समाज संगठन के जिला प्रभारी रमेश तलासा राजगढ़, मारू समाज संगठन के पूर्व तहसील अध्यक्ष झमक चौधरी बरखेड़ा, जगदीश वागडी हनुमंतिया काड़, गोवर्धन मेरोता, बाबूलाल रोटागण, रामरतन चौधरी पसावदा, भागीरथ चौधरी, जगदीश वागडी बोला, चुन्नीलाल टाक, दिनेश रोईवाल, कैलाश काचा, बगदीराम चांदोरा, देवीलाल चांदोरा, लालचंद चांदोरा, शंकर लाल मारु लाडना मोयाखेड़ा सरदारपुर ने बताया कि मोयाखेड़ा , बोला , पसावदा, नरसिंह सरदारपुर, चिचोड़िया, बामनखेड़ी और राजस्थान पाली जिला, गुजरात अहमदाबाद,आदि स्थान से समाजजन शामिल हुए।

# पीथमपुर में महिला श्रमिकों की समस्याएं सुलझीं, काम पर लौटीं

**धार।** पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर-01 स्थित मेसर्स सिनकॉम फॉर्मूलेशन इंडिया लिमिटेड में महिला ठेका श्रमिकों द्वारा अपनी मांगों को लेकर किया गया विरोध प्रदर्शन जिला प्रशासन और श्रम विभाग की मध्यस्थता के बाद समाप्त हो गया है। प्रशासन की त्वरित कार्यवाही और समझाइश के बाद सभी श्रमिक पुन: काम पर लौट आए हैं।

उल्लेखनीय है कि विगत 20 अप्रैल 2026 को संस्थान की लगभग 160-167 महिला ठेका श्रमिकों ने न्यूनतम वेतन, पीएफ (क्क्र), ईएसआई (श्वस्ढ्ढ) सुविधा, दीपावली बोनस तथा परिसर में शुद्ध पेयजल व स्वच्छ शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर कार्य बंद कर दिया था। मामले की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस बल और श्रम विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुँचकर प्रबंधन तथा श्रमिक प्रतिनिधियों के बीच चर्चा कराई। श्रम पदाधिकारी पीथमपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रमिकों की पीएफ और ईएसआई संबंधी शिकायतों के निराकरण हेतु संबंधित विभागों (ईएसआईसी और भविष्य निधि संगठन इंदौर) को पत्र प्रेषित कर दिया गया है। प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार माह जनवरी से मार्च 2026 तक का वेतन भुगतान शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम दर पर बैंक खातों के माध्यम से किया जाना पाया गया है। 20 अप्रैल को ही श्रम निरीक्षकों के संयुक्त दल द्वारा संस्थान का निरीक्षण किया गया।

# विश्व पर्यटन नगरी मांडू में नाली बनाने में घटिया सामग्री का उपयोग

**शासन प्रशासन की लापरवाही के चलते घटिया सामग्री से हो रहा है निर्माण कार्य**



**नवभारत न्यूज़**

**मांडू.** हम बात कर रहे हैं मांडू विश्व पर्यटन नगरी की जो विश्व पटल पर अपनी एक अलग ही छाप बने हुए हैं मांडू में हो रहे निर्माण कार्यों में अनेक अनियमिताएं और घटिया सामग्री से निर्माण कार्य किया जा रहा है लाखों करोड़ों की लागत से बनने वाले रोड कुछ ही सालों में गिट्टी और पत्थरों में तब्दील हो जाते हैं ना कोई इसकी गुणवंता देखने वाला है नाही एस्टीमेट के अनुसार इसका रखरखाव करने वाला कोई ऐसा लगता है मानो पूरे कुएं में ही भांग खुली हो जब नवभारत ने संबंधित कर्मचारियों से इन विषयों पर चर्चा की तो संबंधित अधिकारी कर्मचारी अपना पल्ला झाड़ते हुए नजर आए हम बात कर रहे हैं वार्ड क्रमांक 5में नाली निर्माण की नवभारत की टीम को आसपास के रहवासियों ने बताया कि नाली निर्माण में घटिया किस्म की सीमेंट और मिट्टी से निर्माण कार्य किया जा रहा है संबंधित ठेकेदार निर्माण के समय उपलब्ध नहीं था मजदूरों के माध्यम से निर्माण कार्य किया जा रहा था निर्माण कार्य के समय कोई जवाबदार व्यक्ति साइट पर उपलब्ध नहीं था नाली के दोनों और मिट्टी और गिट्टी से भराव किया जा रहा था नालीनिर्माण में लोहे के सरिया लगाया जाता है जो की कम मात्रा में लगाया गया ऐसे कई निर्माण मांडू में किए गए जो घटिया सामग्री से बने हैं संबंधित कर्मचारियों के लापरवाही के चलते रोड नालिया करोड़ों रुपए खर्च किए गए किंतु उन्हें देखने वाला कोई नहीं शासन के करोड़ों रुपए विकास के नाम पर खर्च किया गया किंतु उसका रखरखाव और संबंधित ठेकेदार को इस बात की कभी सूचना नहीं दी गई की आपको रोड और नालियों का मेंटेनेंस भी करना है आज भी मांडू की कई नालियां और रोड गिट्टी और पत्थरों में तब्दील हो गए हैं संबंधित कर्मचारियों पर और ठेकेदारों पर जाने कब शासन प्रशासन कार्रवाई करेगा

## एक नजर में

**इस परियोजना के तहत धार एवं लोकसभा क्षेत्र के चयनित स्थानों पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए कार्य योजना तैयार की जाएगी**

# सेफ सिटीज में धार का चयन, 10 करोड़ रुपए मंजूर

**धार ।धार-महू संसदीय क्षेत्र की लोकप्रिय सांसद एवं केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर निरंतर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही हैं। उनके सक्रिय नेतृत्व और दूरदर्शी प्रयासों के परिणामस्वरूप आज लोकसभा क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। आधारभूत संरचना से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक, हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिल रही है।**



इसी क्रम में धार जिले को एक बड़ी और ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त हुई है। मंत्री के विशेष प्रयासों से केंद्र सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा निर्भया फंड के अंतर्गत धार को 10 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। यह केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत संकल्प का प्रतीक है।

गौरतलब है कि वर्ष 2026 के लिए देशभर के 10 प्रमुख शहरों को सेफ सिटीज परियोजना के अंतर्गत चयनित किया गया है, जिनमें मध्यप्रदेश से एकमात्र ऐतिहासिक नगरी धार को स्थान मिला है।

यह चयन धार जिले के लिए गर्व और सम्मान का विषय है, जो क्षेत्र के विकास और सुरक्षा के प्रति केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस परियोजना के तहत धार एवं लोकसभा क्षेत्र के चयनित स्थानों पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य योजना तैयार की जाएगी। आधुनिक तकनीकों जैसे सीसीटीवी निगरानी, स्मार्ट लाइटिंग, महिला हेल्प डेस्क, त्वरित पुलिस सहायता व्यवस्था तथा सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन जैसी सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। इसके साथ ही जागरूकता अभियानों के माध्यम से समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और सुरक्षा की भावना को भी बढ़ावा दिया जाएगा।केंद्र सरकार द्वारा शत-प्रतिशत वित्त पोषित यह महत्वाकांक्षी परियोजना महिलाओं को भयमुक्त वातावरण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे न केवल महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि उनके आत्मविश्वास और सामाजिक सहभागिता में भी वृद्धि होगी।

> इस उपलब्धि से पूरे लोकसभा क्षेत्र की जनता में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सेफ सिटी परियोजना के माध्यम से धार जिले को एक सुरक्षित, सशक्त और आदर्श शहर के रूप में विकसित किया जाएगा।

### 25 अप्रैल को 6 डाकघरों में विशेष आधार कैंप, टोकन वितरण शुरू

**धार।** डाक विभाग द्वारा आम नागरिकों की सुविधा के लिए जिले के विभिन्न केंद्रों पर आगामी 25 अप्रैल को विशेष आधार कैंपों का आयोजन किया जा रहा है।उप सम्भागीय निरीक्षक, डाक विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इन कैंपों का मुख्य उद्देश्य आधार नामांकन और अपडेशन की प्रक्रिया को नागरिकों के लिए और अधिक सुगम बनाना है। समय और स्थान यह विशेष कैंप जिले के निम्नलिखित डाकघरों में प्रात: 08-00 बजे से सायं 06-00 बजे तक आयोजित किए जाएंगे- प्रधान डाकघर धार, उपडाकघर पीथमपुर सेक्टर-01, उप डाकघर पीथमपुर सेक्टर-03, उप डाकघर सरदारपुर, उप डाकघर राजग? तथा उपडाकघर धामनोद में आयोजित किए जाएंगे। कैंप में मिलने वाली सुविधाएं कैंप के दौरान भारत सरकार द्वारा निर्धारित शुल्कों पर आधार कार्ड के नए नामांकन एवं अपडेशन का कार्य किया जाएगा।इसके अतिरिक्त, बच्चों के नए आधार कार्ड बनाने और अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेशन (*Mandatory Biometric Update*) की सुविधा पूर्णत: निःशुल्क उपलब्ध रहेगी।